an>

Title: Regarding need to introduce Indian Airlines flight and reschedule the timings of Jet Airways from Bhavnagar to Mumbai.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर) : अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र भावनगर का बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न उठाने का आपने मुझे मौका दिया, उसके लिए धन्यवाद। मेरे संसदीय क्षेत्र भावनगर से मुम्बई के लिए केवल एक ही जेट एयरवेज़ की फ्लाइट है। कई बार टैक्नीकल प्रोब्लम्स की वजह से यह फ्लाइट भी बन्द कर दी जाती है। जबकि यहां पर यात्रियों की हमेशा वेटिंग बनी रहती है, क्योंकि, भावनगर में एशिया का सबसे बड़ा शिप ब्रेकिंग यार्ड है। पालिताना जैन धर्म का एक बहुत बड़ा तीर्थस्थल है और कई बड़े उद्योग यहां पर स्थापित हैं, जिससे व्यापारी वर्ग के साथ-साथ आसपास के जिलों बोटाद व अमरेली के नागरिकों को भी मुम्बई या अन्य जगह जाने के लिए वाया भावनगर जाना पड़ता है।

यहां पर केवल एक ही जेट एयरवेज़ की फ्लाइट होने से कम्पीटीशन के अभाव में बहुत महंगी टिकटें भी मिलती हैं, जिससे यात्रियों का शोÂ◌ाण भी होता है। जेट एयरवेज़ कई बार छोटा प्लेन लगा देती है। अब उन्होंने इस फ्लाइट का समय बदलकर भावनगर से 12.45 बजे कर दिया है। इस समयानुसार कैसे कोई अपना कार्य करके वापस अपने स्थान पर आ सकता है। इसके प्रस्थान का समय सुबह सात से आठ बजे के बीच होना चाहिए।

मेरा आपके माध्यम से माननीय सिविल एविएशन मिनिस्टर से अनुरोध है कि भावनगर से मुम्बई के लिए एक इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट सुबह एवं सायं अप-डाउन चलाने और जेट एयरवेज़ के परिचालन का समय परिवर्तित करवाने की कृपा करें। धन्यवाद।